तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 27 दिसम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 सीतापुर रकया में डेढ़ माह से पेयजल सप्लाई नहीं



## खबर संक्षेप

### पीएम अजय योजनान्तर्गत आवेदन 20 जनवरी तक

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम अटल नगर नवा रायपुर द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता अनुसूचित जाति उप योजना जो कि अब प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय (पीएम अजय) योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए इच्छुक आवेदकों से आवेदन पत्र 20 जनवरी 2026 तक आमंत्रित किए गए हैं। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि इच्छुक आवेदक जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. में शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय (पीएम- अजय) अन्तर्गत व्यवसाय स्थापित करने हेतु अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों को ऋण लेने पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 50 हजार रुपये तक जो भी कम हो अनुदान राशि प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आवेदक उपरोक्तानुसार अनुसूचित जाति वर्ग के हो, जिले का मूल निवासी हो, आय वार्षिक ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में रूपये 2,50,000/- तक हो। उम्र 18 वर्ष से 50 वर्ष के मध्य हो। जाति, आय, निवास प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मोबाईल नम्बर यदि शिक्षित हो तो अंकसूची की छाया प्रति के साथ उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। पीएम अजय योजना अन्तर्गत संचालित संभावित व्यवसाय किराना, मनिहारी, कपड़ा, नाई सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, मोटर मैकेनिक, सायकल मरम्मत एवं दुकान, टीवी, रेडियो, मोबाईल रिपेरिंग, वाइडिंग, मुर्गी पालन, बकरी पालन, सब्जी व्यवसाय, दोना पत्तल निर्माण लघु एवं कुटिर उद्योग एवं स्थानीय परिस्थिति अनुसार अन्य आवश्यकताजनीत व्यवसाय हो सकते है।

### हार जीत का दांव लगा रहे पांच जुआरी गिरफ्तार

अम्बिकापुर। प्रतापपुर कदम पारा में हार जीत का दांव लगा रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे प्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कदमपारा रोड लाइट के नीचे बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे शांतिनगर के मंगल दास आ. स्व.मोहन दास (35 वर्ष), प्रभांत विश्वास आ. नन्दु (34 वर्ष), बैकोना के महेन्द्र पैकरा आ. रामलाल (25 वर्ष),कदमपारा के श्यामलाल आ. स्व. महादेव (42वर्ष) व मनोज सिंह आ. स्व. रामचंद (45वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित कुल 2050 रूपये जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज किया।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण घायल हो गए। ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। बलरामपुर जिले के रघुनाथपुर चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जनकपुर निवासी पवन कुमार अगरिया आ. रामा अगरिया 23 दिसम्बर को सुबह 10 बजे अपने दोस्त संदीप अगरिया आ. कैरा अगरिया के साथ साथ बाइक क्रमांक सीजी 30 जी 5089 से ग्राम महेवा जा रहा था। इस दौरान रघुनाथनगर में पुराने पेट्रोल पंप के समीप ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीजेड 7299 के चालक ने विपरीत दिशा से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवकों को टक्कर मर दी। इस घटना में संदीप कुमार को गंभीर चोट आई और उसकी अतडी फट गई। संदीप का उपचार मेडिकल कॉलेज में जारी है। इसके साथ ही पवन अगरिया को भी सिर, पैर व पेट में चोट आई है। इस मामले में पवन अगरिया की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## रिंग रोड पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन बन रहे दुर्घटना का कारण

# मातम में बदली क्रिसमस की खुशियां, सड़क किनारे ट्रक से टकराकर दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के रिंग रोड पर बेतरतीब तरीके से खड़े भारी माल वाहक वाहन लोगों की मौत का कारण बन रहे है। गुरुवार की रात भी सड़क किनारे लापरवाहीपूर्वक खड़े किए गए ट्रक के कारण दो परिवारों के क्रिसमस की खुशियां मातम में बदल गई। खड़े ट्रक से टकराकर बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। बड़ी बात यह है कि हादसे के बाद तत्काल चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। इस घटना के बाद लोगों में रोष का माहौल है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

**खास बात**

■ अलग-अलग घटनाओं में गई तीन की जान

बताया जा रहा है कि गुरुवार की रात लगभग 9 बजे शहर के रिंग रोड नमनाकला गुडलक मोटर्स के सामने सड़क किनारे एक ट्रक बेतरतीब ढंग से खड़ा था। दौरान रात में गांधी चौक की तरफ से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी सीजी 15 डीवाई 2151 सवार दो युवक अचानक ही खड़े ट्रक से टकरा गए। युवकों के बाइक की रफ्तार इतनी अधिक थी की टक्कर के बाद बाइक सवार युवक उछलकर दूर जा गिरे। इस घटना में दोनों युवक सिर पर चोट लगने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गए। इस स्थानीय लोगों और राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों युवकों को उठाकर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद दोनों मृतकों की पहचान गांधीनगर थाना अंतर्गत महुआपारा निवासी 25 वर्षीय बृजेश लकड़ा आ. वीरेंद्र लकड़ा व फुन्दुरडिहारी शांतिपारा निवासी 26 वर्षीय मेल प्रकाश तिर्की आ. राम लियस तिर्की के रूप में की गई। मृतक बृजेश की मां रोजालिया ने पुलिस को बताया कि 25 दिसम्बर को क्रिसमस के अवसर पर बृजेश अपने दोस्त मेल प्रकाश के साथ घूमने के नाम पर निकला था और रात में अचानक फोन कर बताया गया कि आपके पुत्र का एक्सीडेंट हो गया है। अस्पताल आने पर जानकारी मिली कि दोनों की मौत हो चुकी है। इस घटना के बाद परिवार के क्रिसमस की खुशियां मातम में बदल गई और परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शुक्रवार को पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है।



घटना स्थल पर घायल व बाइक को उठाते लोग।

### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

क्रिसमस की छुट्टी पर घर जा रहे युवक की भी सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक को उपचार के लिए गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल पुलिस के अनुसार जशपुर जिले के सन्ना अंतर्गत उकई निवासी 28 वर्षीय सुदीप टोप्पो आ. विकास टोप्पो पिछले 12 वर्षों से शहर में रहकर दुकान में काम करता था। क्रिसमस की छुट्टी होने पर युवक त्यौहार मनाने के लिए 24 दिसंबर को बाइक से अपने घर जा रहा था। इस दौरान शंकरगढ़ दुर्गापुर के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए शंकरगढ़ अस्पताल से मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

#### एक्सीडेंट के बाद भागा चालक

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रिंग रोड पर उक्त स्थान पर आए दिन चालक बेतरतीब तरीके से ट्रक खड़ा करते है। बीती रात भी घंटों से ट्रक गलत स्थान पर खड़ा था। वहीं घटना के बाद चालक तत्काल ट्रक लेकर फरार हो गया। लोगों का कहना है कि रिंग रोड पर बेतरतीब तरीके से ट्रक खड़ा करने को लेकर लगातार शिकायत की जाती है लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। ट्रक चालक मनमाने ढंग से बिना पार्किंग लाईट के अंधेरी सड़कों पर भारी वाहनों को खड़ा कर रहे है। लोगों का कहना है कि भले ही युवकों की रफ्तार अधिक थी लेकिन यदि ट्रक चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन को खड़ा नहीं किया गया होता तो शायद इतनी बड़ी घटना नहीं होती।

### सड़क हादसे में डॉ. टेकाम के पुत्र की मौत

शहर के शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. टेकाम के पुत्र की हैदराबाद में सड़क हादसे में मौत हो गई। छात्र एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। छात्र के मौत के बाद चिकित्सा जगत में शोक का माहौल है। शुक्रवार को छात्र का शव वापस गृह निवास लाया गया जिसके बाद गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। बताया जा रहा है कि शहर के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. केआर टेकाम का पुत्र अंकित टेकाम हैदराबाद में रहकर एमबीए की पढाई कर रहा था। इस दौरान 22 दिसम्बर को वह हैदराबाद में अपने किसी मित्र के साथ घूमने निकला था और सामने चल रहे किसी वाहन के अचानक ब्रेक मारने के कारण बाइक पर पीछे बैठा अंकित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना में घायल अंकित का उपचार हैदराबाद में चल रहा था। इस दौरान 24 दिसम्बर को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। अंकित डॉ. टेकाम का इकलौता पुत्र था और उसके निधन से चिकित्सा जगत में भी शोक का माहौल है। शुक्रवार को मृतक छात्र का शव अंबिकापुर लाया गया व दोपहर बाद छात्र का अंतिम संस्कार किया गया।



■ हैदराबाद में रहकर कर रहा था एमबीए की पढ़ाई

#### दिए गए है कार्रवाई के निर्देश

मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। घटना की जांच चल रही है। रिंग रोड पर बेतरतीब खड़े वाहनों पर नियमित रूप से कार्रवाई करने के साथ ही अपराध भी दर्ज किए जा रहे है। आगे भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी



## भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

सनावल क्षेत्र में दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद वाड्रफनगर अस्पताल से रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सनावल के तीन युवक बाइक से डिंडो की ओर से सनावल की ओर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार डिंडो हाई स्कूल के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा विमलापुरम–सनवाल मार्ग से आ रहे ट्रैक्टर से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटनास्थल पर सड़क के एक ओर रेत व गिट्टी तथा दूसरी ओर धान का पुआल रखा होने के कारण सड़क संकरी हो गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। बाइक व ट्रैक्टर की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार के हेलमेट के भी टुकड़े-टुकड़े हो गए थे। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बीच मार्ग से गुजर रहे भाजपा नेता कृपाल कुशवाहा ने घायलों को पिकअप वाहन से तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की।

अस्पताल में चिकित्सकों ने सुखलेश (21 वर्ष) एवं राजनाथ (30 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल शंख लाल को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि शंख लाल हैदराबाद में मजदूरी करता है और हाल ही में गांव लौट रहा था। वह बस से उतरने के बाद मुरुकोल से दोनों के साथ बाइक से सनावल जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। तीनों युवक ग्राम सनावल के निवासी थे। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## देर रात समिति से लौटे प्रबंधक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

धान खरीदी केंद्र के समिति प्रबंधक ने बीती रात अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। समिति प्रबंधक का शव सुबह फांसी से लटका हुआ पाया गया जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। समिति प्रबंधक के आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है लेकिन बताया जा रहा है वे कर्ज व रिकवरी से परेशान थे। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम किया है और घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

■ सुबह मां ने देखा शव, जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि नगर के 56 वर्षीय दिनेश गुप्ता आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केरजु के समिति प्रबंधक और धान खरीदी प्रभारी के रूप में पदस्थ थे। शुक्रवार की सुबह समिति प्रबंधक दिनेश गुप्ता का शव उनके घर के ग्राउंड फ्लोर पर फांसी से लटका हुआ पाया गया। मृतक की मां सुबह सोकर उठी तो उनकी नजर बेटे के फांसी से लटके हुए शव पर पड़ी जिसके बाद कोहराम मच गया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में भी हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव को अस्पताल भेजा गया इसके साथ ही इस घटना की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल दिनेश गुप्ता के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है लेकिन बताया जा रहा है कि समिति में हो रही धान खरीदी के दौरान रिकवरी के कारण वे आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान थे। वे लम्बे समय से तनाव में चल रहे थे और बीती रात भी दिनेश गुप्ता घर से निकलकर समिति और देर रात 1 से 1.30 बजे के बीच वापस घर लौटे। आधी रात घर आने के बाद ही उन्होंने फांसी लगाई है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच की जा रही है। इधर घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।



इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि समिति प्रबंधक की मौत के मामले में मर्ग कायम किया गया है और जांच चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव को मातृ शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा वरिष्ठ नेता और छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव की माता श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव का निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थी और लम्बे समय से बीमार चल रही थी। स्व. श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव का उपचार रायपुर के एम्स हॉस्पिटल में चल रहा था इस दौरान 26 दिसम्बर को उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांसें ली।



■ रायपुर में उपचार के दौरान श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव का निधन, सीएम साय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री जामवाल समेत अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

उनका जन्म 2 दिसंबर 1950 को राज परिवार में हुआ था। वे गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव व अमिताभ सिंहदेव की माता एवं शंकरगढ़ राजपरिवार के स्व. लाल अरुण प्रताप सिंहदेव की धर्मपत्नी थी। स्व. श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव चंद्रपुर राजपरिवार के स्व. राजा पूर्व विधायक शशि भूषण सिंहदेव व स्व. रानी पूर्व विधायक ज्योत्सना सिंहदेव की पुत्री थी। उनके निधन से सरगुजा भाजपा के साथ ही बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ क्षेत्र में भी शोक का माहौल है। शुक्रवार की देर शाम रायपुर से उनका पार्थिव शरीर सरगुजा लाया गया। वहीं 27 जनवरी को स्थानीय शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान एमजी रोड पंजाब गार्डन के सामने से निकाली जाएगी। इधर श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव के निधन उपरान्त प्रदेशभर के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उनके निधन उपरान्त प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, डिप्टी सीएम अरुण साव सहित अन्य नेताओं ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 42 नग नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नशेले इंजेक्शन लेकर जा रहे ऑटो चालक ने संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा। टीम ने ऑटो चालक के पास से 42 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। ऑटो चालक ने न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि ऑटो चालक बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन लेकर जा रहा है। सूचना पर डिगमा क्षेत्र में गश्त के दौरान एक संदिग्ध ऑटो चालक टीम ने रोकने की कोशिश की गई परंतु वह तेजी से भागने लगा और डिगमा स्टेडियम में घुस गया। जिस पर संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने उसे घेराबंदी कर रोका गया। पूछताछ में ऑटो चालक ने पूछने पर अपना नाम राज भान सिंह एवं ग्राम डिगमा निवासी बताया। टीम ने ऑटो की तलाशी ली तो पिछली सीट के नीचे रखें एक सफेद रंग के प्लास्टिक झोला मिला जिसमें कुल 42 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने आरोपी ऑटो चालक के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि आरोपी मध्य प्रदेश का रहने वाला है और उसका घर जय सिंह नगर जिला शहडोल में है वह अंबिकापुर में डिगमा में किराए के मकान में रहकर ऑटो चलाता है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं अंजू एक्का सक्रिय रही।



नशीले इंजेक्श के साथ आरोपी।

## मवेशी तस्करी करते पकड़े गए दो ग्रामीण

अम्बिकापुर। मवेशी तस्करी के मामले में पुलिस ने दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लम्बे समय से मवेशियों की तस्करी का काम कर रहे थे। बलरामपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि कुछ पशु तस्कर गौवंश को पैदल मारते पीटते हुए जंगल के रास्ते झारखंड के बूचड़खाना लेकर जा रहे है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर ग्रामीणों के सहयोग से अलखडीहा जंगल में 9 रास भैंस को बरामद करने के साथ ही मवेशी तस्कर थाना अंतर्गत ग्राम चंपापुर निवासी 60 वर्षीय शिवपूजन यादव आ. स्व. खेदु यादव व जवराही निवासी लोक प्रसाद यादव उर्फ बबलू आ. माखन प्रसाद यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक श्रीनाथ सिंह, आरक्षक सचिंद्र सिंह, रामाश्रय विश्वकर्मा सक्रिय रहे।



## कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन, होगा काम काज प्रभावित

# महंगाई भत्ता समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 29 से हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महंगाई भत्ता समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारी कर्मचारी 29 दिसम्बर से तीन हड़ताल पर रहेंगे। कलम बंद- काम बंद हड़ताल से जिले के साथ ही प्रदेश भर में सभी शासकीय काम काज प्रभावित होगा विकास कार्य रुक जाएंगे। अपने आंदोलन को लेकर फेडरेशन ने शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा है।

छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संभागीय अध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय व जिला संयोजक कमलेश सोनी ने बताया कि डीए, वेतन विसंगति, कैशलेस उपचार सुविधा सहित 11 सूत्रीय लंबित मांगों के समाधान हेतु मोदी की गारंटी लागू करो अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कलम बंद, काम बंद आंदोलन किया जा रहा है। इस आंदोलन के तहत 29 से 31 दिसम्बर तक चतुर्थ वर्ग से लेकर वर्ग एक तक के कर्मचारी-अधिकारी हड़ताल पर रहेंगे। इस हड़ताल से शासन को राजस्व का नुकसान होगा, स्कूल बंद हो जाएंगे और विकास कार्य प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार ने 2017 से महंगाई भत्ता को रोककर रखा है। वर्तमान सरकार ने अपने मोदी की गारंटी के घोषणा पत्र में वादा किया था रुके हुए महंगाई भत्ता को प्रदान करेंगे उसको भूल गई लेकिन अब सबसे बड़ा छलावा यह है कि जो महंगाई भत्ता बढाया गया है उसे भी देय तिथि से प्रदान नहीं किया जा रहा है। हमारे हक के पैसों को सरकार दूसरे जगह खर्च कर रही है। सरकार की हठधर्मिता के कारण हम तीसरे चरण का आंदोलन करने जा रहे है। हमारी जायज मांगों को पूर्ण किया जाए लेकिन सरकार अनदेखी कर रही है। सरकार ने कर्मचारियों के हित में दो वर्षों में कोई कार्य नहीं किया जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। इसी के तहत तीन दिवसीय हड़ताल से काम काज ठप होंगे। संघ ने डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने, चार स्तरीय समयमान वेतनमानदेने, वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया करने, दैनिक, अनियमित, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की ठोस नीति बनाने सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल का ज्ञापन सौंपा है।



## खबर संक्षेप

### खरवत चौक के पास हाई मास्ट लाइट महीनों से बंद



**बैकुण्ठपुर।** शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर स्थित खरवत चौक के पास स्थित हाई मास्क लाइट महीनों से बंद पड़ा है, इसे लेकर पूर्व में मौखिक रूप से संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत की गई थी, बावजूद इसके सुधार कार्य नहीं हुआ, इसके पश्चात क्षेत्र के जनपद सदस्य गणेश राजवाडे ने भी कलेक्टर को बीते12 दिसंबर को लिखित शिकायत कर खरवत चौक पर स्थित बिगडे हाई मास्क लाइट को जल्द सुधार करने की मांग की थी, ताकि राहगीरों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

### रामप्रसाद पुनः राजवाड़े समाज के बने अध्यक्ष

**बैकुण्ठपुर।** रजवार समाज बैकुंठपुर का चुनाव 25 दिसंबर को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव परिणाम के अनुसार रामप्रसाद राजवाड़े पुनः अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसी तरह सचिव राजेश राजवाड़े, कोषाध्यक्ष रूपनारायण राजवाड़े, संचालक विश्वनाथ राजवाड़े, सह सचिव तुलाराम राजवाड़े चुने गए। इस अवसर पर क्षेत्र की 41 ग्राम समितियों की कार्यकारिणी सहित लगभग 400 सदस्यों ने सहभागिता की। साथ ही जिले के सोनहत एवं पटना क्षेत्र के सदस्य तथा जिला कोरिया के अध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े सहित जिला कार्यकारिणी की पूरी टीम उपस्थित रही। चुनाव को सफल बनाने में चुनाव संचालन समिति की भूमिका विशेष एवं सराहनीय रही। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को समाजजन द्वारा बधाई दी गई।

### अधिकारियों को मतदान केन्द्र आवंटित

**मनेन्द्रगढ़।** विसस निर्वाचन क्षेत्र क्रं. 01 भरतपुर-सोनहत अंतर्गत मतदाता सूची से संबंधित मैपिंग एवं सी श्रेणी के मतदाताओं के दावे-आपत्तियों की सुनवाई के लिए सहायक एवं अतिरिक्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मतदान केन्द्र आवंटित किए गए हैं। साथ ही सुनवाई का स्थल और समय भी निर्धारित किया गया है। सभी स्थानों पर सुनवाई पूर्वाह्न 11 से सायं 5 बजे तक की जाएगी। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शशि शेखर मिश्रा को मतदान केन्द्र क्र. 77 एवं 78 आवंटित किए गए हैं। यहां कुल 16 मैपिंग/सी श्रेणी के मतदाता हैं, जिनकी सुनवाई अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कार्यालय, भरतपुर-जनकपुर में होगी।

### राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पण्डो परेशान, प्रशासन से पहल की मांग

# सीतापुर रकया में डेढ़ माह से पेयजल सप्लाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत सोनहत मार्ग पर शिवघाट की तलहटी पर स्थित ग्राम सीतापुर में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पेयजल के लिए तरस रहे हैं, लेकिन अब तक इनकी गंभीर समस्याओं की ओर किसी का ध्यान नहीं जा पाया है, इसके चलते प्रतिदिन सुबह उठने के साथ ही विशेष संरक्षित जनजाति पंडो परिवार के लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ता है।

ग्राम सीतापुर रकया के पंडो बस्ती के विजय पंडो ने बताया कि बीते लगभग डेढ़ माह से पंडो बस्ती में पेयजल के लिए समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पहले उनके घर तक पेयजल लगाए गए नल से मिल रहा था, जो अब नहीं मिल रहा है, इसके कारण अपनी बस्ती से दूर जाकर उन्हें पेयजल लाना पड़ता है, इसके लिए घर की महिलाएं सुबह होने के साथ ही पेयजल के लिए दूर से पेयजल लाती हैं। विजय पंडो ने कहा कि यदि बिगड़ी व्यवस्था को सुधार कर दिया जाए तो उनके घर के पास ही पेयजल मिल जाएगा। जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत पंडो बस्ती तक नल का विस्तार किया गया है। इसमें से पंडो परिवारों को पेयजल मिलता था, लेकिन व्यवस्था बिगड़ने के कारण डेढ़ माह से जल जीवन मिशन के नल से उन्हें पेयजल नहीं मिल रहा है, इसके चलते उन्हें दूर से पेयजल की व्यवस्था करना पड़ रहा है।



समस्या बताते पंडो परिवार।



सूखा नल।

### हैडपंप की व्यवस्था नहीं बस्ती में

जानकारी के अनुसार ग्राम सीतापुर में पंडो परिवार बाहुल्य क्षेत्र में उन्हें शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर एक हैंडपंप का भी खनन अब तक नहीं किया गया है, जबकि विशेष संरक्षित जनजाति पंडो विकास के नाम पर सरकारी राशि खर्च कर दी जा रही है, लेकिन धरातल में राष्टपति के दत्तक पुत्रों को पीने के शुद्ध पानी की भी माकूल व्यवस्था नहीं है।

#### पंचायत भी नहीं दे रहा ध्यान

ग्राम सीतापुर के पंडो परिवार के सदस्य बीते डेढ़ माह से पेयजल के लिए मशक्कत कर रहे हैं,बावजूद इसके पंचायत प्रतिनिधि भी इनकी समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। यही कारण है कि पंडो बाहुल्य क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था बिगड़ी हुई है तो उसे सुधार करने की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं की गई। जिला प्रशासन को तत्काल ग्राम सीतापुर के पंडो परिवारों की मूलभूत गंभीर समस्या पेयजल की समस्या को जल्द दूर करने की दिशा में पहल करें।

# घर में आग लगाने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

- बड़े साल्ही में बुजुर्ग की जिंदा जलने से हुई थी मौत

जिले के पुलिस चौकी बचरापोड़ी अंतर्गत ग्राम बड़े साल्ही में दो लोगों द्वारा घर में आग लगाने से वृद्ध की झुलसने से मौत हो गई थी ,वहीं उसकी पत्नी गंभीर रूप से झूलस गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 103 (1), 109 (1), 326 (छ), 332 (ए), 3 (5), 249, 61 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मुख्य आरोपी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था, वहीं एक अन्य आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने बीते दिनों जिला सहरसा बिहार से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

इसी के साथ ग्राम बड़े साल्ही आगजनी के मामले के सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी बचरापोड़ी अंतर्गत ग्राम बड़े साल्ही निवासी संतकुमार पिता राय राम केंवट ने पुलिस में सूचना दर्ज कराया कि 14 दिसंबर की रात्रि में उसके माता-पिता जो कि दोनों अलग रहते थे, उनके घर में रात्रि में दो व्यक्ति पेट्रोल छिड़क कर घर में आग लगा दिए थे। इस घटना में उसके पिता की आग से झुलसने से मौत हो गई, वहीं उसकी मां बुरी तरह झूलस गई थी।

घटना की सूचना पर सिटी कोतवाली, पुलिस चौकी बचरा पोड़ी एवं सायबर सेल की अलग-अलग टीम गठित कर जांच किया गया तो साईको क्रिमिनल मुख्य आरोपी मृतक का दामाद सुरेश ठाकुर उर्फ कनपुरिया एवं उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस मामले में एक अन्य सहयोगी आरोपी नकटा उर्फ दिलखुश सरदार पिता संजीत सरदार उम्र 19 वर्ष निवासी लतहा सरदार टोला थाना सहरसा पोस्ट परियार जिला सहरसा बिहार से गिरफ्तार करने के साथ इस मामले के सभी आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ गए। इस आरोपी के गिरफ्तारी में मुख्य रूप से चौकी प्रभारी पोड़ी बचरा उप निरीक्षक अब्दुल मुनाफ, सहायक उप निरीक्षक जीपी यादव, प्रधान आरक्षक सुनील साहू, आरक्षक मनोज पाण्डेय, अभिषेक यादव, महेन्द्र पुरी,रवि भगत , सायबर सेल के आरक्षक शिवम सिन्हा तथा आरक्षक चालक प्रताप सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



गिरफ्तार आरोपी।

### मुख्य आरोपी को कट्टा बेचा था

इस मामले में मुख्य आरोपी सुरेश ठाकुर उर्फ कानपुरिया को बिहार से पकड़ा गया। आरोपी नकटा उर्फ दिलखुश सरदार ने 315 बोर का देशी कट्टा विक्रय किया था, जिसके कब्जे से पुलिस ने 12 हजार रूपए देशी कट्टा विक्रय का शेष रकम जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेज दिया।

### शहर में निकली रैली...





**बैकुंठपुर।** शहर में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर कचहरीपारा से शहर के प्रमुख मार्गों पर समाज के द्वारा रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों ने कहा कि उन वीर बालकों को स्मरण करने और उनसे प्रेरणा लेने का अवसर है, जिन्होंने धर्म, सच्चाई और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। यह दिन सिख धर्म के दसवें गुरू श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों, साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान को नमन करने के लिए समर्पित है। इतनी कम उम्र में उनके द्वारा दिखाया गया साहस आज भी पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। गुरू गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना कर अन्याय के विरूद्ध खड़े होने का संदेश दिया।

# नालंदा परिसर निर्माण की तैयारी जोरों पर

बैकुण्ठपुर। जल संसाधन विभाग बैकुंठपुर के कार्यालय परिसर में नालंदा परिसर निर्माण की दिशा में आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। विभागीय परिसर में स्थित कुछ पुराने स्टोर भवन अत्यंत जर्जर, जीर्ण-शीर्ण एवं खंडहर की स्थिति में थे, जिन्हें सुरक्षा एवं विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए खाली कराया गया है।

उल्लेखनीय है कि जल संसाधन विभाग परिसर में उपलब्ध खाली भूमि को जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में ही नालंदा परिसर निर्माण के लिए चयनित किया गया था। इस महत्वपूर्ण जनहितकारी परियोजना के अंतर्गत निर्माण सीमा में आने वाले जर्जर स्टोर भवनों को हटाना आवश्यक था। जर्जर भवनों में रखी विभागीय सामग्री को परिसर में ही स्थित अन्य सुरक्षित खाली भवनों में स्थानांतरित कर सुरक्षित रखवाया गया है। वहीं खंडहर अवस्था में संचालित हो रहे अनुविभागीय अधिकारी (वि./यां.) लाईट मशीनरी, नलकूप एवं गेट उप संभाग बैकुंठपुर के कार्यालय को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत उसी परिसर में स्थित एक अन्य खाली भवन में अस्थायी रूप से संचालित किया जा रहा है। जल संसाधन संभाग बैकुंठपुर के कार्यपालन अभियंता ने जानकारी दी है कि विद्युत यांत्रिकी कार्यालय का विभागीय काम काज प्रभावति नहीं होगा और न ही विद्युत यांत्रिकी कार्यालय को सूरजपुर शिफ्ट करने का नौबत होगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार

- हटाए गए जर्जर भवन

इस अस्थायी व्यवस्था से कार्यालय के कार्यों पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा और न ही कार्यालय को किसी अन्य स्थान अथवा जिले में स्थानांतरित किया जा रहा है। नालंदा परिसर के निर्माण से क्षेत्र में शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। प्रशासन का कहना है कि खंडहर हो चुके भवनों के स्थान पर एवं उपलब्ध खाली भूमि में नालंदा परिसर का निर्माण विकास की दृष्टि से उचित एवं आवश्यक पहल है।

### वीर बाल दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** वीर बाल दिवस के अवसर पर जिले में विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले के स्कूलों, महाविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में यह कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

उल्लेखनीय है कि वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इन आयोजनों का उद्देश्य गुरु गोबिंद सिंह के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के असाधारण साहस, अद्वितीय बलिदान एवं शौर्य से जनसामान्य, विशेषकर युवाओं को अवगत कराना है। साथ ही भारतीय इतिहास के युवा नायकों की वीरता और त्याग को सम्मानपूर्वक स्मरण करना भी इन कार्यक्रमों का प्रमुख उद्देश्य है। इस अवसर पर जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बौद्धिक संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग्स, रंगोली प्रतियोगिता, कविता पाठ जैसी गतिविधियां आयोजित की गई। गौरतलब है कि 9 जनवरी 2022 को श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

### जनकपुर में मना वीर बाल दिवस



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता तथा समूह चर्चा के माध्यम से विद्यार्थियों ने सिख धर्म के 10 वें गुरु गोविंद सिंह के बलिदानी पुत्रों साहिबजादे अजीत सिंह, साहिब जादे जुझार सिंह, साहिबजादे जोरावर सिंह, साहिबजादे फतेह सिंह के द्वारा अपने राष्ट्र, संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए किए गए बलिदानों को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार वर्मा, शिशु मंदिर के शिक्षक अमित मिश्रा के द्वारा वीर बालकों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.परमानंद के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के अतिथि व्याख्याता आशुतोष वर्मा तथा अतिथि व्याख्याता गीतिका वर्मा के गुरु गोविंद सिंह के परिवार के बलिदान के बारे में बताया गया। बीए तृतीय वर्ष के छात्र विद्यासागर के द्वारा उनके वीर बालकों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर युवराज सिंह जगत, अजय कुमार साहू, निखिल केवट, स्वयंसेवक तारकेश्वर राजवाड़े, मुकेश कुमार वर्मा, सोनू प्रजापति, प्रमोद कुमार बैगा, सुनील अहिरवार, मायावती सिंह, इमाशी उपाध्याय, सृष्टि केवट, अर्चना जायसवाल, रागनी मौर्य, प्रीती सिंह आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202512021700057/ब-121/2025-26

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमर सिंह आ. ढोलू, निवासी ग्राम ढाकुरपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम ढाकुरपुर स्थित शासन से प्राप्त भूमि खसरा नंबर 69/1 रकबा 0.110 हे. भूमि अपने पुत्र के विवाह एवं व्यवसाय हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक विरेन्द्र कुमार साहू आ. विनोद साहू, निवासी ब्रम्ह रोड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) को रू. 5,00,000/- (पांच लाख रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16/01/2026 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार,**
**अम्बिकापुर-02**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रमेश्वर प्रसाद तिवारी, वंशनारायण तिवारी, कृष्णानंद तिवारी आ. स्व. कैलाश नाथ तिवारी निवासी चोपड़पारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा शीट नम्बर -01 चोपडापारा नगर अम्बिकापुर स्थित प्लाट नम्बर 9/25 रकबा 0.20 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित नक्शानुसार अनुसार भू-तल पर रकबा 166.40 वर्गमीटर प्रथम तल पर रकबा 163.80 वर्गमीटर, द्वितीय तल पर रकबा 163.60 वर्गमीटर पर आवासीय भवन निर्माण कराने हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित ब्लूप्रिंट नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र न्यायालय अपर कलेक्टर, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग. में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 09/01/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः 23/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

### बरदिया में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**कटकोना।** जिले के पटना क्षेत्र अंतर्गत बरदिया मंडल में 25 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ तथा हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया।

आयोजन में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु, समाजसेवी, युवा एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लेकर धार्मिक वातावरण को और भी पवित्र बना दिया। सुंदरकांड पाठ के दौरान भक्तों ने प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा ग्रहण की और सामूहिक रूप से भक्ति भाव का अनुभव किया। सम्मेलन में वक्ताओं ने हिन्दू संस्कृति, परंपरा और समाज में एकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि समाज में सहयोग, सेवा और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। आयोजन के दौरान क्षेत्र के अनेक समाज के वरिष्ठजन को सम्मानित किया गया तथा बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी उपस्थितजन को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद वितरण में स्थानीय युवाओं और समिति के सदस्यों ने सक्रिय सहयोग किया। आयोजन में मुख्य वक्ता विवेक सक्सेना रायपुर, पंडित सुयश देव महोरा वाले व महिला वक्ता श्रीमती सुंदरी राजवाड़े रहे। वहीं श्रीमती अल्का चौबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के आयोजक हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति, बरदिया मंडल तथा संयोजक की भूमिका योगेन्द्र मिश्रा ने निभाई। इसी तरह आयोजन में ग्राम बरदिया के युवा, केशरीनंदन परिवार सक्रिय रहे।




























## खबर संक्षेप



### शासकीय पॉलीटेक्निक में निःशुल्क डेंटल चेकअप

**अम्बिकापुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक रासेयो के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क डेंटल चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ.पल्लवी शुक्ला एवं डॉ.निक्की सिंह ने सही ब्रशिंग तकनीक, नियमित दंत जांच तथा दंत रोगों से बचाव से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं का निःशुल्क डेंटल चेकअप किया तथा दवाइयां दी। कार्यक्रम में प्राचार्य आर.जे.पाण्डेय ने कहा कि ऐसे आयोजन दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी हैं तथा समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार बघेल व व्याख्याता श्रीमती माधुरी तिग्गा ने किया।

### गौतम भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

**अम्बिकापुर।** गौतम विश्वकर्मा को भाजपा ओबीसी मोर्चा का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। गौतम विश्वकर्मा ने कहा कि एक छोटे कार्यकर्ता पर भाजपा ने जो भरोसा जताया है उस पर मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करूंगा। ओबीसी समाज की आवाज को मजबूती से संगठन और समाज के बीच रखने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करेंगें।



### वाजपेयी की जयंती पर राजीव ने किया 200 कंबलों का वितरण



**भैयाथान।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह द्वारा अपने जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रजनी, पासल में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विशेष रूप से पण्डो बस्ती रजनी, पासल सहित आसपास के पारा टोला में जरूरतमंद ग्रामीणों को लगभग 200 कंबल वितरित किए गए। जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि वे विगत 10 वर्षों से गरीब एवं विशेषकर पण्डो जनजाति के लोगों के बीच लगातार कंबल वितरण का कार्य करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती से इस सेवा कार्य की शुरुआत की गई है, जो आगामी लगभग एक सप्ताह तक विभिन्न ग्रामों में जारी रहेगी। इस दौरान शैलेन्द्र गुप्ता, लालचंद शर्मा, अमन प्रताप सिंह, संदीप दुबे, राजेश पांडे सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शक्कर कारखाने का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

# गुड़ उद्योगों पर प्रशासन का शिकंजा : कलेक्टर ने 31 तक मांगी तय प्रारूप में जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जिले में तेजी से पनप रहे गुड़ उद्योगों को लेकर अब प्रशासन सख्त रुख अपनाता नजर आ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जिले के समस्त गुड़ उद्योग संचालकों से शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप में 31 दिसंबर तक विस्तृत जानकारी तलब की है। इस कार्रवाई के बाद यह साफ होने की उम्मीद है कि जिले में संचालित गुड़ उद्योग वास्तव में नियम-कायदों के दायरे में हैं या नहीं।

**खास बात**
- किसानों से किसा संवाद, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

शासन के बिना तय मापदंडों को पूरा किए, उद्योगों का संचालन अपने आप में कई गंभीर सवाल खड़े करता है। खासकर प्रदूषण नियंत्रण, लाइसेंस, मंडी नियम और किसानों से गन्ना खरीदी की प्रक्रिया को लेकर लंबे समय से शिकायतें सामने आती रही हैं। अब कलेक्टर की इस पहल से पूरे सिस्टम की परतें खुलने की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि क्षेत्र में शक्कर कारखाना खुलने से पहले भी किसान गन्ने की खेती करते थे, लेकिन उस दौर में गुड़ उद्योगों द्वारा किसानों से शासन के निर्धारित रेट से बेहद कम दामों पर गन्ना खरीदा जाता था। किसानों की इस मजबूरी को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री के प्रयासों से शक्कर कारखाने की स्थापना हुई। इसके बाद गन्ना किसानों की स्थिति में बड़ा बदलाव आया और उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य मिलने लगा। यही कारण है कि आज क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि का आधार गन्ना फसल बनी हुई है। कलेक्टर ने किया शक्कर कारखाने का औचक निरीक्षण किया। कारखाने में गन्ना खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने गन्ना यार्ड में किसानों से संवाद किया साथ ही अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और गन्ना वाहन एंट्री रजिस्टर का अवलोकन किया। कलेक्टर ने सीजन भर इसी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश प्रबंधन को दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ललिता भगत, तहसीलदार चंद्रशीला जायसवाल, प्रबंध संचालक आकाशदीप पात्रे, सीसीडीओ प्रमोद चौहान, चीफ केमिस्ट मनोज पाड़ी, मुख्य अभियंता सुनील तिवारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते कलेक्टर।

### शक्कर कारखाने की मजबूती से ही विकास संभव

अर्थशास्त्र की दृष्टि से शक्कर कारखाना आज गन्ना फसल का सबसे बड़ा और स्थायी बाजार है। इसी बाजार के कारण बाहरी व्यापारी और स्थानीय गुड़ उद्योग संचालक भी मजबूरी में किसानों को उचित दाम देने को बाध्य हैं। यदि यह व्यवस्था कमजोर पड़ती है तो सबसे बड़ा नुकसान किसानों को ही उठाना पड़ेगा।

### बिना मंडी शुल्क दूसरे राज्यों में गन्ना सप्लाई

जिले में गन्ना दलालों का मनोबल इस कदर बढ़ चुका है कि खुलेआम किसानों के खेत से अच्छी गुणवत्ता का गन्ना बिना मंडी शुल्क चुकाए अन्य राज्यों में खासकर कोलकाता भेजा जा रहा है। इससे शासन को भारी राजस्व नुकसान हो रहा है। दूसरी ओर खेत में छोड़ा गया घटिया गन्ना किसान मजबूरी में कारखाने को भेजते हैं, जिससे रिकवरी कम होती है और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। तीन वर्ष पूर्व जब प्रशासन ने सख्ती दिखाई थी, तब किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और प्रोत्साहन राशि के साथ रिकवरी कमीशन तक मिला था।



## संघ का शताब्दी वर्ष मनाने सिलफिली में हिंदू महासंगम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

हिंदू जन जागरण समिति मंडल सिलफिली द्वारा हाई स्कूल मैदान,सिलफिली में हिंदू महासंगम का भव्य आयोजन किया गया,यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में श्रद्धा, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ,कार्यक्रम में सिलफिली मंडल के अंतर्गत आने वाले लगभग 15-16 गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु,सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के आम नागरिक शामिल हुए,ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य बायेरकर्मा एवं सुवा नृत्य ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई,लोक नृत्य में भाग लेने वाली टीमों एवं गीत प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया,कार्यक्रम की अध्यक्षता कुशवाहा समाज के द्वारिका प्रसाद कुशवाहा ने की,मंच पर मातृशक्ति श्रीमती उषा सरकार ,कथावाचक कृष्ण चंद्र तिवारी तथा मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला कार्यवाह विजय शर्मा उपस्थित रहे,हिंदू महासंगम में सभी समाजों के प्रमुख पुजारी एवं बैगा भी शामिल हुए, जिनका अतिथियों द्वारा शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ किया गया,सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना,सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना रहा।

कार्यक्रम में ओमप्रकाश राजवाड़े द्वारा प्रस्तुत एकल गीत के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। मुख्य वक्ता विजय शर्मा जी ने हिंदू समाज से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा चलाए जा रहे "पंच परिवर्तन" विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला,कथावाचक कृष्ण चंद्र तिवारी ने हिंदू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा पर बल देते हुए कहा कि यदि धर्म सुरक्षित नहीं रहेगा तो भौतिक संसाधनों का कोई महत्व नहीं रहेगा,उन्होंने समाज से धर्म रक्षा के लिए सतत प्रयास करने का आग्रह किया,इस अवसर पर धर्म जागरण प्रांत के प्रशासनिक प्रमुख ठाकुर राजवाड़े उपस्थित रहे,मंच संचालन योगेंद्र राजवाड़े एवं तिलेश्वर सिंह द्वारा किया गया,कार्यक्रम के अंत में भव्य भंडारे का आयोजन हुआ,कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ग्रामों के समाज प्रमुखों एवं कार्यकर्ताओ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बहालपुर में बच्चों को स्वेटर, टोपी व बिस्किट का वितरण

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

शासकीय प्राथमिक शाला बहालपुर एवं आंगनबाड़ी केन्द्र बहालपुर, विकासखंड खड़गवां, जिला एमसीबी में 20 दिसंबर को सामाजिक सरोकार से जुड़ा एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर चिरमिरी निवासी समाजसेवी एवं पीडब्ल्यूडी ठेकेदार फारूख खान तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मेहरून निशा द्वारा बच्चों को स्वेटर व टोपी का वितरण किया गया।

वहीं सदाशिव बारिक, निवासी गोदरीपारा द्वारा पेन तथा फारूख खान के दो सुपुत्रों द्वारा बच्चों को बिस्किट वितरित किए गए। कार्यक्रम का संयोजन के. प्रफुल्ल रेड्डी द्वारा किया गया, जिन्होंने विद्यालय और दानदाताओं के बीच सेतु की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ दानदाताओं को बैच पहनाकर किया गया। प्रधान पाठक श्रीमती कांति खैरवार ने स्वागत उद्बोधन देते हुए इस सामाजिक सहयोग को अनुकरणीय बताया और दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से फारूख खान के दोनों बच्चों की सराहना की, जिन्होंने अपनी पॉकेट मनी से बच्चों के लिए बिस्किट वितरण कर समाजसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती मेहरून निशा ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढ़ने का संदेश दिया। वहीं फारूख खान ने कहा कि समाज से मिला सम्मान लौटाना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है और भविष्य में भी वे इस प्रकार के सामाजिक कार्य करते रहेंगे। सदाशिव बारिक ने कहा कि बच्चे ही देश और समाज का भविष्य हैं, इन्हें बेहतर शिक्षा और संस्कार देना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में विशेष रूप से बंजारीडॉड संकुल के संकुल प्राचार्य धनेश्वर सिंह पैकरा, संकुल शैक्षिक समन्वयक कन्हैया लाल रवि, शासकीय प्राथमिक शाला दुग्गी के प्रधान पाठक ओमप्रकाश खैरवार, ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक श्री शर्मा तथा शिक्षक बलवान सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन के. प्रफुल्ल रेड्डी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सहायक शिक्षक बलवान सिंह ने किया।



### गिरने से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम माझापारा निवासी वीरेंद्र कुमार आ. प्रसन राम (33 वर्ष) शहर के गंगापुर में पत्नी व बच्चे के साथ रहता था। 19 दिसंबर की सुबह शौचालय जाने के दौरान आंगन में काई से फिसल कर गिर गया जिससे कंधा व सिर में अंदरूनी चोटें आई। परिजन उसे निजी अस्पताल में इलाज कराने के पश्चात घर लेकर आ गए। 24 दिसंबर को दर्द बढ़ जाने से तड़पने लगा तो परिजन उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### हिन्दू सम्मेलन बड़ी संख्या में ग्रामीण हुए शामिल

**केदमा।** उदयपुर मण्डल के ग्राम केदमा में गुरुवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिन्दुओ को संगठित करने का था तथा सभी लोगों में राष्ट्र भक्ति जगाना था। कार्यक्रम में केदमा, केसमा, पंगोटी बडेगांव, मतरिंगा, भकुरमा के लगभग 300 लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर आरएसएस के जिला पदाधिकारी, खण्ड पदाधिकारी सहित रामलाल सिंह, मूलचंद अग्रवाल, रामनारायण साहू, दीनानाथ यादव तथा सभी समाज प्रमुख उपस्थित थे।



# पिता के निधन उपरान्त स्कूल ने माफ की बच्चों की फीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

शुक्रवार को सोनार समाज की मासिक बैठक में शहर के दो निजी स्कूल के प्राचार्यों का सम्मान किया गया। सामाजिक भवन में आयोजित बैठक के दौरान सेंट जेवियर्स स्कूल के प्राचार्य से सेबेस्तियन तिग्गा एवं राजीव गांधी स्कूल के प्राचार्य जितेंद्र गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस बैठक में समाज के संभाग प्रभारी रघुनाथ सोनी, संरक्षक शिवराम सोनी, संभागीय अध्यक्ष सुरेश सोनी एवं अंबिकापुर के समाज के जिला अध्यक्ष विनोद सोनी शामिल हुए। अध्यक्ष सुरेश सोनी ने बताया कि कुछ माह पहले समाज के सदस्य बंधु सोनी के पुत्र प्रदीप सोनी का बीमारी के कारण निधन हो गया था।

- सोनार समाज ने मासिक बैठक के दौरान प्राचार्यों को किया सम्मानित

प्रदीप सोनी अपने पीछे अपनी पत्नी एवं कर बेटियों को छोड़कर गए थे और उनके ऊपर काफी कर्ज भी चढ़ गया था। प्रदीप सोनी की दो बेटी सेंट जेवियर्स स्कूल में पढ़ाई करते हैं एवं एक बेटी राजीव गांधी स्कूल में पढ़ाई करती है। काफी महीनों से इनका फीस नहीं भर गया था और प्रदीप सोनी के देहांत होने पर उनके पढ़ाई पर भी संकट मंडराने लगा था। समाज ने पहल करते हुए इन बेटियों की फीस माफ करने के लिए दोनों स्कूल के प्राचार्य से बातचीत की जिस पर उन्होंने सराहनीय पहल करते हुए इनका फीस माफ कर दिया है और इस सत्र में इन्हें निशुल्क शिक्षा देने हेतु बात कही है। दोनों संस्थान के इस कार्य की सराहना करते हुए आज समाज के द्वारा इनका शाल श्रीफल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सरगुजा संभाग के प्रभारी रघुनाथ सोनी ने कहा कि यह काफी गर्व का विषय है कि राजपुर समाज के लोग समाज को आगे बढ़ाने में पूरी निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं। वही समाज के संभागीय अध्यक्ष सुरेश सोनी ने कहा कि राजपुर समाज से उन्हें काफी सीख मिलती है और सरगुजा संभाग के अन्य जिलों में भी वह इसे लागू करने के प्रयास में लगे हुए हैं। इस दौरान राम आशीष सोनी, ओमप्रकाश सोनी, अरुण सोनी, संतोष सोनी, शंभू नारायण सोनी, नरेंद्र सोनी, अनिल सोनी, श्याम बिहारी सोनी, अजय सोनी, रंजीत सोनी सहित अन्य मौजूद थे।



## चिरायु योजना अंतर्गत 4 बच्चों को बेहतर इलाज हेतु भेजा गया रायपुर

**सूरजपुर।** कलेक्टर के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.केडी पैकरा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप नामदेव के मार्गदर्शन में चिरायु योजना अंतर्गत कई बच्चे लाभांवित हुए हैं। इसी क्रम में जिले से कॉर्डियल हॉर्ड डिसीस के 4 बच्चों को शासकीय वाहन से उचित ईलाज हेतु रायपुर भेजा गया। आरबीएसके टीम प्रतिदिन आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उच्च स्वास्थ्य संस्थाओं में बच्चों का ईलाज मुहईया कराती है। जिले में चिरायु योजना अंतर्गत 14 हृदय रोग, 1072 बच्चों के त्वचा संबंधी रोग, 228 बच्चों के कान संक्रमण, 708 बच्चों के दंत रोग, 413 बच्चों के दृष्टि दोष, 117 बच्चों की रक्त अल्पता तथा 441 अति कुपोषित बच्चों का निशुल्क इलाज किया गया।



# वीर बाल दिवस पर केबिनेट मंत्री ने गुरुद्वारा पहुंचकर टेका माथा



गुरुद्वारे में मथा टेकती मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शुक्रवार 26 दिसंबर को राष्ट्रीय स्तर पर मनाये जा रहे वीर बाल दिवस पर भटगांव विधायक व महिला एवं बाल विकास मंत्री नगर के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में दोपहर करीब 1 बजे अपने समर्थकों संग पहुंची एवं श्री गुरु ग्रन्थ साहेब जी के समक्ष माथा टेककर मंगल कामना की अरदास की,इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा साहेब में रुमाला साहेब भेंट करने की सेवा की एवं उपस्थित साध संगत के समक्ष श्री गुरु गोबिंद सिंह साहेब जी के चार साहेबजादों बाबा अजीत सिंह, जुझार सिंह,जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह का धर्म रक्षा के लिए दी गई उनकी शहीदी को स्मरण किया।

- चार साहेबजादों की शहीदी को किया स्मरण

श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि चार साहेबज़ादों की देश व धर्म के लिए दी गई शहीदी व बलिदान आने वाली पीढ़ीयों के लिए भी अन्याय के खिलाफ खड़े रहने की हिम्मत व जज्बा प्रदान करती है, यहां पर प्रबंधन कमेटी एवं स्त्री साध संगत की सदस्यों के द्वारा केबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गोयल एवं भाजपा सूरजपुर जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी को शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया, गुरुद्वारा साहेब में रागी जत्था ज्ञानी अमरदीप सिंह प्रीत एवं अजीत सिंह द्वारा गुरबाणी रूपी शबद कीर्तन एवं कथा का उच्चारण किया गया। अरदास समाप्ति पश्चात मौजूद संगत को नाश्ता प्रसाद वितरण किया गया। वीर बाल दिवस मनाने के दौरान प्रबंधन कमेटी के जसबीर सिंह, दलजीत सिंह, इंदरजीत सिंह, अवतार मान, बख्शीश मान, मंजीत भामरा, रणबीर भामरा, इंदरजीत भामरा, गगनदीप सिंह बग्गा, हर्षदीप बग्गा मनी, निंदर सिंह एवं भाजपा के कृष्ण गोयल, अशोक अग्रवाल, दिपेन्द्र चौहान, अमित मित्तल, रितेश जायसवाल, शशि गर्ग, सूरज सेठी, राजेश यादव, संत सिंह उपस्थित रहे।

### संकुल कन्या बिश्रामपुर के समस्त शासकीय व प्राइवेट विद्यालयों में मनाया गया वीर बाल दिवस

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी संकुल कन्या विश्रामपुर के सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में वीर बाल दिवस मनाया गया,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बालक शिवनंदनपुर, प्राथमिक और माध्यमिक शाला स्टेशनपारा कुंजनगर, प्राथमिक शाला चोपड़ा बिश्रामपुर, प्राथमिक शाला झारपारा कुंजनगर,शासकीय हाई स्कुल खोपा एवं अशासकीय विद्यालय अंतर्गत डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर,कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल अंग्रेजी और हिंदी माध्यम,राजकुमार पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया,कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वीर साहिबजादों के बलिदान, साहस एवं धर्मनिष्ठा से परिचित कराना तथा उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना था,संकुल के वरिष्ठ व्याख्याता अमर कुमार जैन ने गुरु गोबिंद सिंह के वीर साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि उनका साहस और सत्य के प्रति अटूट विश्वास आज भी हम सभी लिए प्रेरणा स्रोत हैं।इस अवसर पर सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए भाषण, कविता पाठ, नाटक एवं चित्रकला और छोटे-छोटे बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया,कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा यह संकल्प लिया गया कि हम सभी सत्य, साहस और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलकर देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करेंगे।कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक गौरी शंकर पांडेय ने किया।



### वीर बाल दिवस पर सेजस बरियों में हुई विविध प्रतियोगिताएं

**राजपुर।** वीर बाल दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बरियों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में भाषण, कविता एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन कर वीर बाल दिवस का महत्व बच्चों को बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीईओ एमआर यादव, विशिष्ट अतिथि बीईओ अरविन्द गुप्ता, बरियों सरपंच रविशंकर टेकाम उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नन्हे साहिबजादों जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के साहस, बलिदान और धर्मनिष्ठा पर प्रभावशाली भाषण, कविताएं एवं निबंध प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डीईओ श्री यादव एवं बीईओ श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने इतनी कम उम्र में भी धर्म और सत्य के मार्ग से विचलित हुए बिना इस्लाम स्वीकार करने से इनकार किया और अमर हो गए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य श्रीमती प्रीती श्रीवास्तव ने अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।



### वीर बाल दिवस पर याद किये गये गुरू गोविन्द सिंह के साहिबजादे

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ.शैलेष देवांगन ने कहा कि वीर बाल दिवस सिखों के दसवें गुरू गोविंद सिंह के साहिबजादों के अविस्मरणीय बलिदान के लिए मनाया जाता है। साहिबजादा अजित सिंह, साहिबजादा जुझार सिंह मुगलों से युद्ध करते हुए शहीद हुए थे। साहिबजादा फतेह सिंह और साहिबजादा जोरावर सिंह के साथ गुरू गोविंद सिंह की मां गुजरी देवी छिपकर रह रही थी। उन्हें मुगल सैनिकों ने खोज लिया। साहिबजादा फतेह सिंह और साहिबजादा जोरावर सिंह पर मुगलों ने धर्मांतरण का दबाव डाला। साहिबजादा फतेह सिंह और साहिबजादा जोरावर सिंह ने अपने धर्म के लिए सबसे बड़ा बलिदान दिया। मुगलों ने उन्हें जिंदा दीवार में चुनवा दिया। मुगलों के इस जघन्य कृत्य के बाद मां गुजरी देवी ने प्राण त्याग दिये। डॉ.अजय कुमार तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 में वीर बाल दिवस की शुभारंभ किया। इस दिन वीरता, त्याग और अद्भुत शौर्य के लिए राष्ट्रपति द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है। इस दौरान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र दास सोनवानी, एलपी गुप्ता, दीपक तिवारी सहित अन्य कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



## आवासीय कॉलोनियों में विद्युत संकट का निराकरण करने एटक ने प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की आवासीय कॉलोनियों के रहवासियों को इन दिनों विद्युत संकट से जूझना पड़ रहा है,कड़ाके की ठंड के बीच कई बार और लंबे समय तक हो रही बिजली कटौती ने कोल कर्मियों,उनके परिवारों और विद्यार्थियों की रोजमर्रा की जिंदगी को अंधेरे में डाल दिया है जिससे शाम को भी अक्सर ब्लैक आउट की स्थिति बनी रहती है,वर्तमान में हालात ऐसे हैं कि रात होते ही कॉलोनियों में भय और असुविधा का माहौल बन जाता है,इस समस्या को लेकर संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग ने प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर न केवल स्थिति से अवगत कराया है,बल्कि स्थाई समाधान करने की मांग की है,ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बिजली कटौती के कारण सुबह ड्यूटी पर जाने से लेकर रात में विश्राम तक हर काम प्रभावित हो रहा है,ठंड के मौसम में हीटर,गीजर और अन्य आवश्यक विद्युत उपकरण बंद पड़े रहते हैं,बच्चों की पढ़ाई पर सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है,परीक्षा के समय अंधेरे में पढ़ने को मजबूर छात्र मानसिक तनाव झेल रहे हैं,एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज कुमार गर्ग ने बताया कि पूर्व वर्षों में भी संघ ने ठंड के मौसम में ओवरलोडिंग से होने वाली बिजली कटौती को लेकर प्रबंधन को चेताया था,उस समय स्पष्ट कहा गया था कि यदि समय रहते तकनीकी सुधार नहीं किए गए, तो भविष्य में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा,आज वही चेतावनी वास्तविकता बनकर सामने आई है,उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग से बचने के नाम पर की जा रही विद्युत कटौती किसी भी तरह से समाधान नहीं है,यह सिर्फ तात्कालिक राहत है, जिससे समस्या और गंभीर होती जा रही है,उन्होंने मांग की है कि कॉलोनियों में उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर,आधुनिक स्विच और अन्य विद्युत उपकरण तत्काल लगाए जाएं, ताकि बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चल सके,संघ का कहना है कि यदि प्रबंधन ने इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज किया, तो कामगारों में असंतोष और आक्रोश बढ़ना तय है। बिजली जैसी बुनियादी सुविधा के लिए कर्मचारियों को संघर्ष करना पड़े, यह दुर्भाग्यपूर्ण है,एटक ने उम्मीद जताई है कि प्रबंधन इस गंभीर विषय को संवेदनशीलता से लेते हुए शीघ्र ठोस कदम उठाएगा, ताकि बिश्रामपुर की कॉलोनियों में रहने वाले हजारों कोयला कर्मियों और उनके परिवारों को अंधेरे, ठंड और परेशानियों से राहत मिल सके।

- कड़ाके की ठंड के बीच रोजमर्रा के कामों एवं ड्यूटी जाने के लिए कोल कर्मियों को झेलनी पड़ रही परेशानी

## ख़बर संक्षेप



### नर्सिंग कॉलेज में वीएम कार्नीवाल एसएनए इवेंट सेलीब्रेशन का आयोजन

**बिश्रामपुर।** वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग परिसर में वीएम कार्नीवाल एसएनए इवेंट महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,,इस इवेंट के तहत सारे विद्यार्थियों को चार ग्रुप में बांटा गया था,जिसमें कालीस्टा रॉय ग्रुप,रोजर्स ग्रुप,फ्लोरेंस ग्रुप एवं आरेम्स ग्रुप सम्मिलित थे,वीएम कार्नीवाल एसएनए इवेंट के तहत प्रथम दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और चारों ग्रुप द्वारा फ्लैग मार्च किया गया,दूसरे दिवस कालीस्टा रॉय ग्रुप,रोजर्स ग्रुप,फ्लोरेंस ग्रुप एवं आरेम्स ग्रुप का आपस में खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम दो विजयी ग्रुप का आपस में पुन मैच करवाते हुए विनर घोषित किया गया,तीसरे दिवस टूगवार रिले रेस एवं जलेबी रेस का आयोजन उक्त चारों ग्रुप के मध्य किया गया,चौथे दिवस चारों ओर ग्रुप के मध्य आउट डोर के तहत जेवलीन थ्रो एवं डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता आयोजित की गई और समसामायिक विषयों पर डिबेट भी किया गया,अगले दिवस परिसर में ही चारों ग्रुप द्वारा विभिन्न खाद्य सामग्रियों का स्टॉल लगाया गया और चारों ग्रुप के मध्य क्वीज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई,कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं द्वारा एक-दूसरे को क्रिसमस गिफ्ट देकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया,इस अवसर पर गोपाल सिंह विद्रोही,पप्पू मिश्रा,सुनील नारायण अतिथि के रूप में उपस्थित थे,कॉलेज के संचालक विजयराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम किया गया,कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्राचार्य संतोष सिंह एवं स्टाफ सक्रिय रहे।

### आयुष स्वास्थ्य मेला में 305 लोगों को किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**सोनगरा।** विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन नगर पंचायत जरही में किया गया। जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर की जिम्मेदारी शिविर प्रभारी डॉ. रुद्र प्रताप राजवाड़े ने संभाली। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत के पार्षद विवेक सिंह, सियाराम राजवाड़े एवं रामकुमार राजवाड़े की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं धन्वंतरी स्तवन के साथ हुआ। शिविर में वात व्याधि, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, सर्दी-खांसी, ज्वर, स्त्री रोग, बाल रोग, उदर एवं चर्म रोग सहित अन्य बीमारियों से पीड़ितों को आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही रोगियों को निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में 305 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। अतिथियों एवं रोगियों को आयुष काढ़ा भी पिलाया गया। शिविर में डॉ. राखी केसरवानी, डॉ. निलेश सिंह सिकरवार, डॉ. स्वाति पटेल, डॉ. रितु नेताम, कमलेश सोनी, फार्मासिस्ट राकेश पाण्डेय सहित देवेंद्र सिदार, भूपेश सिदार, मोहित राम, अवध लाल सिंह, इंद्रावती भगत सहित अन्य मौजूद रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर बड़सरा में हुआ मातृ सम्मेलन



**भैयाथान।** सरस्वती शिशु मंदिर बड़सरा में सप्त शक्ति संगम, मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति को जागरूक करना, सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों का प्रबोधन करना तथा राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व जनपद सदस्य सुरुचि साहू, बबीता पैकरा, सविता साहू एवं गुलाब कुंवर द्वारा दीप प्रज्वलन, दीप वंदना एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में कुटुम्ब प्रबोधन विषय पर बबीता पैकरा ने विस्तृत जानकारी दी। पर्यावरण संरक्षण पर प्रज्ञा जायसवाल ने सारगर्भित विचार व्यक्त किए, वहीं भारत के विकास में महिलाओं का योगदान विषय पर सविता साहू ने उद्बोधन दिया। मातृ सम्मेलन के दौरान महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी, कुर्सी दौड़ एवं साड़ी मोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय समिति के संयोजक रामू गोस्वामी, सरपंच जगनारायण सिंह, रमेश यादव, रामप्रताप साहू, राम साहू, टाकेन्द्र पांडे, श्यामलाल सिंह, हरिवंश, रामअवतार यादव सहित उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं अभिभावकों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य राम लाल यादव द्वारा किया गया।

## निधन



### एमपी सिन्हा

**अम्बिकापुर।** शहर के ब्रह्मपारा निवासी मल्टीपरपज हायर सेकेण्डरी स्कूल के अवकाश प्राप्त विज्ञान शिक्षक एमपी सिन्हा का शुक्रवार को अयोध्या में निधन हो गया। वे परिवार सहित राम लला का दर्शन करने अयोध्या गए थे तथा राम लला का दर्शन करने के उपरांत रात में हनुमान मंदिर गए थे। इस दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई तथा हृदयघात आने के कारण वहीं उनका निधन हो गया। परिजन उनका शव लेकर रवाना हो गए हैं तथा देर रात तक उनके अपने घर पहुंचने की संभावना है। वे 82 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 9 बजे शंकर मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## वन अधिकारी नहीं दे रहे कोई भी जानकारी

# अब तक बरामद नहीं हुए बाघ के शव से निकाले गए नाखून व दांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बाघ का शिकार करने के मामले में वन अधिकारी एक महिला सरपंच सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुके हैं। वन अधिकारी बाघ के दो नाखून, मूंछ के अधजले बाल सहित शिकार के लिए उपयोग किए गए अन्य सामग्रियों को जब्त करने का दावा कर रहे हैं लेकिन घटना के 10 दिन गुजरने के बावजूद अभी बाघ के दांत व नाखून को बरामद नहीं किया जा सका है।

**ख़ास बात**
- महिला सरपंच सहित 8 आरोपी हो चुके है गिरफ्तार

सूरजपुर वनमंडल अंतर्गत घुई रेंज के रेवटी जंगल में 15 दिसम्बर को बाघ का शव मिला था। दूसरे दिन पांच सदस्यीय चिकित्सकों ने पीएम किया तो बाघ की मौत करंट से होने की पुष्टि हुई। घटना की जांच में विभाग ने गुरूघासी दास नेशनल पार्क के स्नीफर डॉग का भी उपयोग किया था। स्नीफर डॉग ने बाघ का शव सूंघने के बाद ग्राम भैसामुंडा की सरपंच सिसका कुजूर के घर तथा ग्राम परसडीहा का चक्कर लगाया था। पीएम में यह भी खुलासा हुआ था कि करंट से बाघ की मौत पांच-छह दिन पूर्व ही हो चुकी थी तथा शव में सड़न भी शुरू हो गया था। वन अधिकारियों ने महिला सरपंच से पूछताछ की तो उसने बाघ के दो नाखून एवं मूंछ के कुछ बाल उखाड़ने तथा घर में रखने का अपराध स्वीकार किया। महिला सरपंच के घर से वन अधिकारियों ने बाघ के दो नाखून व बाल बरामद करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। दो दिनों बाद मामले में वन अधिकारियों ने ग्राम भैसामुण्डा के तीन आरोपियों के साथ ही आसपास के गांवों के अन्य पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से बाघ के मूंछ के अधजले बाल, हथियार, करंट लगाने के लिए उपयोग किए गए जीआई तार सहित अन्य सामग्री बरामद की है। वन अधिकारी मामले के सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रहे है लेकिन इस संबंध में कुछ भी बताने से बच रहे है जिसके कारण अधिकारियों की भूमिका पर तरह-तरह के सवाल भी उठ रहे है।

### नाखून एवं दांतों का पता नहीं

आरोपियों ने बाघ के आगे दोनों पैरों के चार-चार एवं जबड़े से ऊपर-नीचे के चार दांतों को निकाल लिया था। घटनास्थल से एक टूटा हुआ चाकू भी मिला था। वन अधिकारियों ने महिला सरपंच से मात्र दो नाखून बरामद किया है। बाघ के अन्य 6 नाखून कहा है इसकी जानकारी अब तक नहीं मिल पाई है। बाघ के दांतों को भी अब तक बरामद नहीं किया जा सका है। वन अधिकारी आरोपी द्वारा बाघ के दांतों को आग के हवाले करने की बात कह रहे हैं जिस पर स्थानीय ग्रामीण संदेह व्यक्त कर रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रारंभ में ही इस संबंध में ज्ञापन सौंप आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की थी।

### नहीं पहुंची जांच रिपोर्ट

वन अधिकारियों ने बाघ के पीएम उपरांत डब्ल्यू आई आई देहरादून को जांच के लिए बाघ की खाल, घटनास्थल से बरामद चाकू एवं करंट लगाने के लिए उपयोग किए गए जब्त तार का नमूना भेजा था। इस जांच से इसकी पुष्टि हो सकेगी कि जब्त जीआई तार एवं चाकू का उपयोग बाघ के शिकार एवं उसके अंगों को निकालने के लिए उपयोग किया गया है या नहीं। अभी डब्ल्यू आई आई ने भी अपनी जांच रिपोर्ट भी भेजी है।

### जांच पूरी

बाघ के शिकार मामले की जांच पूरी हो गई है। वन अधिकारी मामले की जानकारी क्यों नहीं दे रहे हैं, मैं पूछता हूं।
-अरूण पाण्डेय
पीसीसीएफ



## सभी पंजीकृत किसानों का खरीदा जाएगा एक एक दाना : रामकिशुन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रामकिशुन सिंह अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार उदयपुर पर पहुंचे जहां उदयपुर एवं डांड़गांव धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर किसानों से रूबरू हुए। उन्होंने किसानों से कहा कि धान बेचने में दिक्कत होगी तो बताए जिस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी लेकिन सभी किसानों ने अध्यक्ष से कहा कि धान खरीदी में कोई दिक्कत नहीं आ रही है। उन्होंने किसानों से कहा है कि सभी पंजीकृत किसानों का एक एक दाना खरीदा जाएगा कोई भी किसान धान बेचने से वंचित नहीं होगा। प्रदेश सरकार दृढ़ संकल्पित हैं कि गांव, प्रदेश, देश का किसान आगे बढे। भाजपा की सरकार 31 सौ रुपये किवंटल धान खरीद रही ताकि किसानों के अन्न का सीधा लाभ मिल सके।31जनवरी तक धान खरीदने का समय है लेकिन आवश्यकता पड़ी तो समय और बढ़ाया जा सकता है। सरकार किसानों को दिक्कत न हो इसके लिए ऑनलाइन टोकन घर बैठे काटने की व्यवस्था की है। अगर किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो सम्बंधित अधिकारी, कर्मचारी इसके जिम्मेदार होंगे। धान उठाव नहीं होने पर उन्होंने बताया कि टेंडर हो चुका है अब शीघ्र सभी समिति का धान का उठाव किया जाएगा। उठाव के सम्बंध में कोई दिक्कत नहीं आएगी वही जरूरत पड़ी तो धान खरीदी का लिमिट भी बढ़ाया जाएगा। इस दौरान अजीत सिंह जिला सहकारी बैंक के अधिकारी, विक्की गुप्ता सखा प्रबंधक उदयपुर, बसंत यादव, परमेश्वर प्रजापति, बुधराम सिंह, महबूब हैदर, सुरेंद्र प्रसाद, कृष्णा सिंह, ब्रिज राज यादव, नार सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### डांड़गांव समिति के लिए नया भवन बनाने की मांग

डांड़गांव सहकारी समिति काफी पुराना एंव जर्जर होने के कारण किसानों को काफी दिक्कत होती है। जिस पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने कहा है कि नया भवन निर्माण हेतु प्रयास किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार किसानों को समय पर पैसा मिले इसकी भी जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि किसान को कोई दिक्कत हो तो सीधे मेरे से सम्पर्क कर सकते हैं।

## नवगई एवं मोहरसोप समिति में पानी की नही व्यवस्था, किसान परेशान

बिहारपुर। सूरजपुर जिले के दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र स्थित धान खरीदी केंद्र नवगई एवं मोहरसोप में अव्यवस्था है। समिति में पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है। जिससे दूर-दराज से आने वाले किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समितियों में हर दिन बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर, पिकअप एवं गाड़ी से धान लेकर पहुंच रहे है। धान तौल, पर्ची कटाने और बोरियों की लोडिंग-अनलोडिंग में सुबह से शाम तक समय लग रहा है। खरीदी केंद्र में पानी की व्यवस्था न होने से किसानों को लम्बा सफर करना पड़ता है जिससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। किसानों का कहना है कि शासन-प्रशासन द्वारा पूर्व में धान खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए पेयजल, छांव, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे बावजूद इसके नवगई और मोहरसोप समिति में पानी का संकट बना हुआ है। लगातार श्रम करने वाले को समिति में पानी उपलब्ध नहीं होने से भारी परेशानी हो रही है। प्यास बुझाने किसान लम्बी दूरी तय करते है। किसानों ने समिति परिसर में पानी की व्यवस्था करने की मांग की है।



# नगर में लूट की बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था नट गिरोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर में पुलिस की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। लचर कार्यप्रणाली से नगर समेत क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का हौसला बढ़ते जा रहे है जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लचर व्यवस्था का एक ताजा मामला सामने आया है जहां नगर में लूट की एक बड़ी घटना होते होते रह गई जब नट गिरोह के लुटेरे रात के आठ बजे नगर के एक सर्राफा व्यापारी से लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में घात लगाए बैठे थे। नट गिरोह द्वारा लूट की नीयत से घात लगाने की भनक लगते ही सर्राफा व्यापारी सतर्क हो गए जिससे वे अपने मंसूबों में कामियाब नहीं हो पाए।

- सर्राफा व्यापारी की सूझबूझ से टली लूट की बड़ी घटना, सीसीटीवी में कैद हुई घटना




प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार की रात साढ़े सात बजे के करीब नगर के सर्राफा व्यापारी ब्रम्हदेव सोनी की पत्नी दुकान के कर्मचारी के साथ बाइक से अपने घर जा रही थी।मुख्य मार्ग से उनके घर जाने का रास्ता एक गली से होकर गुजरता है जहां अंधेरा होने के बाद आवाजाही कम होने से सन्नाटा पसर जाता है। जैसे ही वो मुख्य मार्ग से अपने घर जाने वाली गली में मुड़ी और कुछ दूर आगे बढ़ी तभी उन्हें गली में घात लगाए बाइक सवार दो नकाबपोश युवक नजर आए जो उन्हें देखते ही छिपने लगे। सुनसान गली में बाइक सवार दो नकाबपोश युवको को देखने के बाद वो और उनका कर्मचारी काफी डर गए और घर पहुंचकर कर्मचारी ने यह बात फोन पर ब्रम्हदेव सोनी को बताई। कर्मचारी द्वारा सूचना मिलने के बाद ब्रम्हदेव सोनी तत्काल घर पहुंचे और बाइक सवार दोनो नकाबपोश युवक के करीब जाकर उनसे पूछताछ करने लगे। सर्राफा व्यापारी द्वारा पूछताछ के दौरान दोनों नकाबपोश हड़बड़ा गए और मौके से बाइक क्रमांक सीजी 04 एनपी 5625 से भाग निकले। इस दौरान सर्राफा व्यापारी ने कुछ दूर तक उनका पीछा भी किया था पर वो उन्हें चकमा देकर भाग निकले। इसके बाद ब्रम्हदेव सोनी अपने बड़े भाई इंद्रदेव सोनी कोके साथ रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचे थे। अभी पहले हुई घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज भी नही हो पाई थी कि आधे घंटे के अंदर वही घटना उनके बड़े भाई इंद्रदेव सोनी के सर्राफा कारोबारी बेटे और पत्नी के साथ घट गई। रात लगभग आठ बजे जब उनका भतीजा दुकान बंद करके अपनी मां के साथ कार में बैठकर घर जा रहा था तभी गली में पहले की बजाए दूसरी बाइक पर सवार होकर आए दो नकाबपोश युवक जो पहले से वहां घात लगाए बैठे थे उनकी कार के आगे आगे चलने लगे।

इस दौरान नकाबपोशों ने कार को रोकने का प्रयास किया लेकिन युवक ने बिना कार रोके किसी तरह घर पहुंचा और मां को घर पहुंचाने के बाद बाइक सवारों को पीछा करने लगा। भागने के दौरान बाइक सवार नकाबपोश चलता-खड़गांव मार्ग में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस घटना में बाइक सवार एक युवक का पैर टूट गया और दूसरा मामूली रूप से घायल हो गया।मामूली रूप से घायल युवक ने पकड़े जाने के डर से अपने साथी को घायलावस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर डायल 112 के सहयोग से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल युवक का नाम संजय नट बताया जा रहा है जो रायगढ़ जिले के विजयनगर कंडराजा का रहने वाला है। नट गिरोह के हाथों लूट का शिकार होने से बाल बाल बचे सर्राफा व्यापारी इस घटना के बाद से काफी दहशत में है। सर्राफा कारोबारी के घर के पास हुए यह घटना के सीसीटीवी में कैद हो गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

# एसआईआर को लेकर हुई भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला




**अम्बिकापुर।** भाजपा द्वारा शुक्रवार को अंबिकापुर विधानसभा स्तरीय एसआईआर कार्यशाला का आयोजन पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम के सभाकक्ष में की गई। कार्यशाला में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। कार्यकर्ता एसआईआर के दूसरे चरण में पूरी निष्ठा और ताकत से कार्य करें, ताकि किसी भी सही मतदाता का नाम न कटे और मतदाता सूची में शामिल गलत मतदाताओं की पहचान कर सूची सही किया जा सके। संगठन प्रभारी अवधेश चंदेल ने कहा कि एसआईआर को अत्यंत गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ योजनाबद्ध तरीके से इस कार्य में जुटें। एसआईआर फेस-2 में सतर्कता और निरंतरता आवश्यक है, क्योंकि यह प्रक्रिया आने वाले सभी चुनावों के लिए कारगर साबित होगी। उन्होंने संसद में एसआईआर पर हुए भाषण का उल्लेख करते हुए गृहमंत्री अमित शाह को वर्तमान समय का लौह पुरूष बताया। प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि यह मतदाता सूची ऐसा महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो आगामी बीस वर्षों तक सभी चुनावों का आधार बनेगा। फर्जी मतदाताओं के नाम जुड़ने से रोकना और वास्तविक मतदाताओं के नाम सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि एक-एक वोट महत्वपूर्ण है और नई मतदाता सूची पर भविष्य के सभी चुनाव निर्भर करेंगे। उन्होंने एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर युद्ध स्तर पर जुटने का आह्वान किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर ने वीर बाल दिवस पर साहिबजादों की शहादत को स्मरण करते हुए कहा कि गुरू गोविंद सिंह का बलिदान सनातन संस्कृति की रक्षा का प्रतीक है। यह कार्यशाला विधानसभा स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बस्तर संभाग संगठन सह प्रभारी हरपाल सिंह भामरा ने गुरू गोविंद सिंह एवं उनके पुत्रों की शहादत को याद किया। कार्यशाला को पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, अम्बिकेश केशरी, बीएलए निलेश सिंह एवं जन्मेजय मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, करता राम गुप्ता, मनोज गुप्ता, विकास पाण्डेय, मधु चौदहा, राजकुमार बंसल, रूपेश दुबे, राजेन्द्र जायसवाल, आकाश गुप्ता, शुभांगी बिहाड़े, निशांत सिंह सोलू, अभय साहू सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष एवं अरूणा सिंह तथा आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने किया।

# कलेक्टर ने बतौली क्षेत्र का किया निरीक्षण



**अम्बिकापुर/ सेदम।** नव पदस्थ कलेक्टर अजीत बसंत बतौली पहुंचे और धान उपार्जन केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , नेत्रहीन विद्यालय का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति से अवगत हुए।

- दिए व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

कलेक्टर अजीत बसंत बतौली के बोदा धान उपार्जन केंद्र के व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान धान खरीदी पंजी, स्टॉक पंजी, धान तौलाई सहित किसानों को मिल रही सुविधा का जानकारी ली। साथ ही रैंडम बोरियों में धान की नमी की जांच करवाई तथा धान तौलवा कर देखा। कलेक्टर अजीत बसंत द्वारा गत वर्ष पंजीकृत किसान एवं वर्तमान पंजीकृत में जो अंतर आया है उस अंतर में रकबा बढ़ोत्तरी की जांच हेतु एसडीएम को निर्देशित किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को धान की अवैध बिक्री बिना पंजीकृत किसान पर नजर रखने और कारवाई करने निर्देशित किया। साथ ही उपार्जन केंद्र में व्यवस्था दुरुस्त रखने प्रबंधकों को निर्देशित किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जनरल वार्ड, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, आपातकालीन कक्ष, ओपीडी, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे कक्ष,प्रसव कक्ष में आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने अस्पताल में दवाइयों की उपलब्धता, मरीजों के भोजन व्यवस्था की जानकारी लेकर स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही एचआरपी मरीजों की जानकारी लेकर विशेष निगरानी रखने निर्देशित किया है। प्रसव के दौरान मिलने वाली सहायता राशि को समय पर दिए जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात नेत्रहीन विद्यालय बतौली पहुंचे जहां बच्चों से मिले व हाल चाल जाना फिर पूरी व्यवस्था का जायजा लेकर व्यवस्था को चाक चौबंद करने निर्देशित किए है। उन्होंने कहा कि विद्यालय से निकल कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने एवं अच्छी उपलब्धि प्राप्त करने वाले पूर्व छात्रों को बुलाएं ताकि अन्य बच्चे प्रेरणा ले सकें।




## बेलसोता नाला पुल पार करने दौरान मिक्चर मशीन अटैच ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलटा



**बिश्रामपुर।** प्रतिबंध के बाद भी ट्रैक्टर के माध्यम से मिक्चर मशीन को बेलसोता नाला के जर्जर पुल पर पार करने के दौरान मिक्चर मशीन पुल से नीचे गिर गया, हालांकि दुर्घटना में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है,गौरतलब है कि ग्राम राजापुर व कैलाशपुर के मध्य स्थित बेलसोता नाला पुल पिछले दिनों बारिश के दिनों में क्षतिग्रस्त हो गया है जिस पर प्रशासन द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच उक्त पुल से आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया, बावजूद इसके स्थानीय लोगों द्वारा उक्त जर्जर पुल से आवागमन कर ही रहे हैं,इसी बीच शुक्रवार को एक ट्रैक्टर चालक अपने वाहन में मिक्चर मशीन को टोचन करके पार कर रहा था,इसी बीच मिक्चर मशीन पुल से नीचे गिर गया है। ज्ञात हो कि स्थानीय लोग आज भी मजबूरन उक्त जर्जर पुल पर आवागमन करने विवश है, ज्ञात हो कि उक्त मार्ग से ही जर्जर पुल पर ग्राम पंचायत कैलाशपुर के किसानों द्वारा अपने धान बेचने कंदरई खरीदी केंद्र जाते हैं।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 28 दिसम्बर को छग के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिजीत कुमार कोहाट, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ. भाविक शाह श्वास, छाती, एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ डॉ. रोशन वर्मा, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. करण सरॉफ, मस्तिस्क एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज प्रसाद, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी, रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ. विकाश गोयल , हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक धाबलिया , न्यूरो सर्जन डॉ. देवान्श मिश्रा संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगें।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736